भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5535**

**06 अप्रैल, 2022 के लिए प्रश्न**

**बिहार में खाद्यान्न की बर्बादी**

**5535. डॉ. आलोक कुमार सुमन:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार सहित देश में पर्याप्त प्रसंस्करण सुविधाओं के अभाव में बड़ी मात्रा में खाद्यान्न, फल और सब्जियां बर्बाद हो जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो खाद्य प्रसंस्करण के लिए शुरू की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा बिहार में विशेषकर गोपालगंज जिले में इसमें कितनी प्रगति हुई है;

(ग) बिहार में ऐसी योजना के लिए आबंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) बिहार में कार्यशील खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क):** जी नहीं।

**(ख) और (ग):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) पूरे देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की समग्र वृद्धि और विकास के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की अम्ब्रैला स्कीम, जिसमें-प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई), सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्कीम (पीएमएफएमई) तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन स्कीम (पीएलआईएसएफपीआई) की केन्द्रीय प्रायोजित पीएम औपचारिकरण स्कीम शामिल है, कार्यान्वित कर रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना क्षेत्र अथवा राज्य विशिष्ट नहीं, अपितु मांग आधारित योजना है और समय समय पर जारी अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के आधार पर चयनित पात्र आवेदकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

........2/-

प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना की घटक स्कीमों के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खाद्य प्रसंस्करण/परिरक्षण उद्योग स्थापित करने के लिए उद्यमियों को सहायता अनुदान के रूप में अधिकतर क्रेडिट से जुड़ी वित्तीय सहायता (पूंजी सब्सिडी) प्रदान करता है। बिहार राज्य में अनुमोदित/जारी निधियों की तुलना में प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के विभिन्न घटकों के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| क्र.सं | परियोजना | अनुमोदित/पूर्ण परियोजनाओं की संख्या | कुल परियोजना लागत (करोड़) | अनुमोदित सहायता अनुदान (करोड़) | जारी सहायता अनुदान (करोड़) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेगा फूड पार्क | 2/0 | 120.13 | 41.9 | 34.81 |
| 2. | कोल्ड चेन | 7/4 | 177.36 | 55.76 | 34.14 |
| 3. | एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर | 1/0 | 30.434 | 7.908 | 0.0 |
| 4. | खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमताओं का सृजन/विस्तार | 1/1 | 23.21 | 5.00 | 4.56 |

**(घ):** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र तथा राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के माध्यम से अनिगमित/अपंजीकृत उद्योगों के लिए आंकड़े सहित विनिर्माण क्षेत्र हेतु आंकड़े प्रकाशित करता है। अद्यतन वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2018-19 के अनुसार, बिहार में पंजीकृत क्षेत्र में 884 इकाइयां है, जिनमें से 833 इकाइयां प्रचालन में थी।

*****